ACTFL
Language Proficiency & Performance
EXCLUSIVELY THROUGH LTI

# AAPPL घर बैठे परीक्षा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## 1. AAPPL क्या है?

AAPPL का पूरा नाम ACTFL असेसमेंट ऑफ़ परफॉरमेंस टुवर्ड प्रोफिसियेंसी इन लैंग्वेज® (विदेशी भाषा अधिगम संबंधी अमेरिकी परिषद् द्वारा भाषा में प्रवीणता का मूल्यांकन) है| यह एक वेब आधारित लैंग्वेज टेस्ट है जिसमें चार (4) अनुभाग या "मोड" हैं, जो छात्र / छात्रा द्वारा चुने गए टीचर या स्कूल पर निर्भर करते हैं| टेस्ट के चार मोड हैं दुनिया की किसी एक भाषा में सुनना, पढ़ना, बोलना और लिखना| आपका स्कूल या टीचर आपको बताएँगे कि आपकी प्रवीणता और परीक्षण लक्ष्य के अनुसार इन चार मोड में से कौन सा मोड आर्डर किया है| आप AAPPL Central पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं|

## 2. क्या घर पर AAPPL का प्रॉक्टर बनाना मुश्किल है?

नहीं| यह बहुत सीधा और आसान है! प्रॉक्टर अभिभावक, संरक्षक या कोई और भरोसेमंद वयस्क व्यक्ति होना चाहिए| प्रॉक्टर की निम्नलिखित जिम्मेदारियां हैं:

- परीक्षा के लिए एक सुरक्षित और शांत वातावरण बनाना,
- परीक्षा से पहले कंप्यूटर सिस्टम और अन्य उपकरण चेक करना और तब परीक्षा के दौरान सक्रिय रहकर निगरानी करना,
- यह सुनिश्चित करना कि परीक्षा देने वाले के पास पेपर, पेन, पेन्सिल, नोट्स, डिक्शनरी, मोबाइल फोन,कैमरा या कोई अन्य इलेक्ट्रोनिक डिवाइस न हो,
- स्कूल और/अथवा एलटीआई की सहायता से परीक्षार्थी की तकनीकी समस्या आने पर मदद करना|

प्रॉक्टर के लिए एक अधिक विस्तृत चेकलिस्ट और प्रॉक्टर की मार्गदर्शिका इस दस्तावेज में आगे दी गई है|

## 3. क्या AAPPL टेस्ट कुछ अलग होगा क्योंकि इसे घर पर दिया जा सकता है?

नहीं| स्कूल पर दिए जाने वाले AAPPL टेस्ट और घर पर दिए जाने वाले AAPPL टेस्ट में कोई अंतर नहीं है|

## 4. AAPPL कितनी अवधि का होता है?

टेस्ट में कोई समयावधि नहीं है; AAPPL के हर मोड को पूरा करने में 30 से 40 मिनट लगते हैं| ( लिखने के मोड को पूरा करने में एक घंटे लग सकते हैं|) पूरा टेस्ट करने में कुल 2.5 घंटे लगते हैं| परीक्षार्थी दो मोड के बीच में ब्रेक ले सकते हैं, अलग-अलग मोड अलग-अलग दिन में पूरे कर सकते हैं या एक ही सिटिंग में सारे मोड पूरे कर सकते हैं|

## 5. AAPPL परीक्षा देने के लिए क्या मुझे किसी विशेष उपकरण की जरुरत होगी?

हाँ, आपको कंप्यूटर, इन्टरनेट और हेडफोन या स्पीकर की जरुरत होगी| इसके अलावा, परीक्षार्थी को आपस में सुनने और बोलने के लिए एक माइक्रोफोन की जरुरत होगी ताकि एक वर्चुअल विडियो-बेस्ड चैट पार्टनर के साथ आपके संवाद को रिकॉर्ड किया जा सके| आजकल के ज़्यादातर कंप्यूटरों में पहले से ही ये सुविधाएँ होती हैं, इसका मतलब यह है कि आपको शायद किसी अतिरिक्त उपकरण की जरुरत नहीं पड़ेगी| यह सुनिश्चित करने के लिए कृपया टेस्ट शुरू करने से पहले Technical Requirements ध्यान से पढ़ें और अपने सिस्टम पर एक System Check रन करें| यदि आपको अतिरिक्त सेटअप के लिए मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो कृपया स्कूल से संपर्क करें|

## 6. क्या AAPPL के लिए कोई सुरक्षा फीचर हैं?

जी हाँ, AAPPL में परीक्षा संबंधी कई सुरक्षा फीचर हैं| सबसे पहले, परीक्षार्थी को हर AAPPL मोड शुरू करने से पहले एक सम्मान शपथ लेनी होती है| दूसरा, यदि परीक्षार्थी टेस्ट के अलावा किसी अन्य स्क्रीन पर जाता है या कोई और प्रोग्राम, ब्राउज़र विंडो या टैब खोलता है, तो वह अपने आप टेस्ट से लॉगआउट हो जाता है यानि टेस्ट से बाहर आ जाता है| अन्य सुविधाएँ जो स्वत: निष्क्रिय हो जाती हैं, उनका विवरण नीचे दिया गया है:

- माउस पर राईट क्लिक की सुविधा,
- ब्राउज़र पर बैक का बटन,
- कॉपी, पेस्ट और कट करने के कीबोर्ड शॉर्टकट (कंट्रोल+ सी, कंट्रोल + वी, और कंट्रोल + एक्स),
- गूगल ट्रांसलेट का ब्राउज़र एक्सटेंशन, यदि इनस्टॉल किया गया हो|

टेस्ट के दौरान,परीक्षार्थी के पास पेपर, पेन, पेन्सिल, नोट्स, डिक्शनरी,मोबाइल फ़ोन,कैमरा या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु नहीं होनी चाहिए|

## 7. क्या टेस्ट से पहले अभ्यास करने के लिए कोई अध्ययन सामग्री उपलब्ध है?

जी हाँ, यदि आपके पास समय हो तो आपको ACTFL के देखने चाहिए और परीक्षार्थी को Demo टेस्ट पूरा करना चाहिए|

## 8. यदि मुझे सहायता की जरुरत हो तो किससे संपर्क करना चाहिए?

यदि आपको तकनीकी सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया सलाह और मार्गदर्शन के लिए अपने स्कूल से संपर्क करें|

# AAPPL घर बैठे परीक्षा मार्गदर्शिका

कोविड-19 के कारण उत्पन्न समस्याओं के बीच दूर बैठे कक्षा चलाने के दौरान स्कूलों,छात्रों और टीचरों के लिए अध्ययन-अध्यापन की सुविधा जारी रखने में मदद करने के लिए आपका धन्यवाद; प्रॉक्टर के रूप में AAPPL घर बैठे परीक्षा में आपका सहयोग प्रशंसनीय और महत्वपूर्ण है| कृपया याद रखें कि परीक्षा के प्रॉक्टर अभिभावक, संरक्षक या अन्य कोई भरोसेमंद वयस्क होना चाहिए जो परीक्षा देने के माहौल को सुरक्षित बनाने की ज़िम्मेदारी ले सके| यह **परीक्षा मार्गदर्शिका** इसके लिए तैयारी करने और घर पर सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराने में आपकी सहायता करेगी|

## ज़रूरी लिंक

| | |
|---|---|
| **AAPPL डेमो:** | https://www.languagetesting.com/aappl2-demo |
| **AAPPL सिस्टम की जांच:** | https://aappl2.actfltesting.org/systemcheck |
| **तकनीकी आवश्यकताएं:** | https://www.languagetesting.com/aappl2-demo |
| **परीक्षा लेने के लिए:** | https://aappl2.actfltesting.org |

## घर बैठे प्रॉक्टर की भूमिका निभाने के लिए चेकलिस्ट

- ❑ Technical Requirements को देखें, परीक्षा के लिए प्रयोग होने वाले कम्प्यूटर को उसी के अनुसार कन्फिगर कर लें, और System Check पूरा करें|
- ❑ परीक्षार्थी से Demos पूरा करने के लिए कहें और परीक्षा के लिखित भाग की प्रस्तुति के लिए उनके कीबोर्ड की जांच कर लें|
- ❑ जिन परीक्षाओं में आप बैठने जा रहे हैं, उन परीक्षाओं के अधिकतम भागों के लिए समय और समय-विभाजन की योजना बनाएं (आपके टीचर या आपका स्कूल इस बारे में आपको विशेष जानकारी देगा)| हर भाग को पूरा करने में 30-45 मिनट लगते हैं, और लिखित प्रस्तुति वाले भाग में अधिकतम 60 मिनट लगते हैं|
- ❑ जिस स्थान पर आप परीक्षा लेने वाले हैं, उसे सुरक्षित रूप तैयार करें और अपने लॉग इन संबंधी जानकारी अपने पास ही रखें| याद रखें कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी के पास पेपर, पेन, पेन्सिल, नोट्स, डिक्शनरी, मोबाइल फ़ोन, कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं होनी चाहिए|
- ❑ लॉग इन की सूचना की मदद से परीक्षार्थी का टेस्ट में लॉग इन कराएं, लॉग इन यूजर आईडी पासवर्ड की जानकारी टीचर या स्कूल द्वारा प्रदान की जाएगी|
- ❑ जब परीक्षार्थी परीक्षा दे रहा हो तो सभी भाग पूरे करते समय उसका पर्यवेक्षण करते रहें और टेस्ट सत्रों के बीच लॉग इन संबंधी सूचना सुरक्षित रखें| AAPPL पर किसी भी प्रश्न का जवाब देने में उसकी मदद न करें|
- ❑ जब परीक्षा के सभी भाग पूरे हो जाएं तो परीक्षार्थी की लॉग इन सूचना नष्ट कर दें/ मिटा दें|


Revised:
10 March 2023